# हिन्दी प्रादेशिक समाचार
## आकाशवाणी चंडीगढ़
## 8 मई 2024, समय 1810

- केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता निर्मला सीतारमण ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को विघटित किये जाने संबंधी कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों को खारिज़ किया।
- हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने निर्दलीय विधायकों द्वारा राज्य सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद, मुख्यमंत्री से नैतिकता के आधार पर इस्तीफे की मांग की।
- हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की हरियाणा शाखा द्वारा विश्व रेडक्रॉस दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित किया।
- जींद के नागरिक अस्पताल को तपेदिक की जांच के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित पोर्टेबल एक्स-रे मशीन उपलब्ध करवाई गई।

..............................................................................................

केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता निर्मला सीतारमण ने आज सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) को विघटित किये जाने संबंधी कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों को खारिज कर दिया।

श्री गांधी के आरोपों का जवाब देते हुए श्रीमती सीतारमण ने सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम नरेंद्र मोदी सरकार में फल-फूल रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन-यूपीए सरकार के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को नुकसान हुआ।

श्रीमती सीतारमण ने दावा किया कि पूंजी परिव्यय पर मौजूदा सरकार के ध्यान देने से उनके स्टॉक प्रदर्शन में भी पर्याप्त वृद्धि हुई है। श्रीमती सीतारमण ने यह भी कहा कि रेलवे, सड़क, बिजली, धातु, निर्माण, भारी उपकरण विनिर्माण और अन्य क्षेत्रों में अवसंरचना विकास, बिजली और लॉजिस्टिक्स पर सरकार के ध्यान देने से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ हुआ है।

..............................................................................................

पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरियाणा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि तीन निर्दलीय विधायकों द्वारा बीजेपी सरकार से समर्थन वापिस लेने के बाद सरकार अल्प मत में आ गई है और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए।

श्री हुड्डा आज रोहतक में गौकर्ण डेरे पर संवादाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में राष्ट्रपति शासन लागू होना चाहिए और तुरंत विधानसभा चुनाव करवाये जाने चाहिए।

पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला के राज्य की बीजेपी सरकार को गिराने में साथ देने संबंधी एक बयान पर श्री हुड्डा ने कहा कि जननायक जनता पार्टी लिखित में समर्थन दे तभी कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल, राज्यपाल से मुलाकात कर हरियाणा में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग करेगा।

दरअसल श्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि अगर कांग्रेस अविश्वास प्रस्ताव लाकर बीजेपी सरकार को गिराना चाहे तो जेजेपी कांग्रेस का बाहर से साथ देगी।

श्री हुड्डा ने मीडिया से बातचीत में जेजेपी को बीजेपी की बी टीम बताया और कहा कि दोनों का गठबंधन किसी गुप्त समझौते के तहत तोड़ा गया है।

..................................................................................

हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने तीन निर्दलीय विधायकों द्वारा राज्य सरकार से समर्थन वापिस लेने और कांग्रेस को समर्थन देने पर कहा है कि उन्हें इसकी आधिकारिक तौर पर जानकारी नहीं मिली।

पंचकूला में संवाददाताओं से बातचीत में श्री गुप्ता ने कहा कि उन्हें मीडिया से ही यह जानकारी मिली है।

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव, पहले अविश्वास प्रस्ताव के 6 महीने के अंतराल के बाद ही लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल संवैधानिक पद पर है। वे इस पर निर्णय ले सकते हैं जो उनका आदेश होगा उसका पालन किया जायेगा।

..................................................................................

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने रेडक्रॉस सोसायटी के सभी स्वयंसेवकों से जरूरतमंद, बेसहारा, गरीब एवं घायल लोगों की सेवा बिना किसी भेदभाव के सच्चे मन से करने का आहवान किया है।

श्री दत्तात्रेय आज चंडीगढ़ के सेक्टर 16 स्थित रेडक्रॉस भवन में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की हरियाणा शाखा द्वारा विश्व रेडक्रॉस दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित कर थे।

अपने संबोधन से पहले उन्होंने रेडक्रॉस आंदोलन के जन्मदाता सर हेनरी डयूनेंट के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने कहा कि इस वर्ष विश्व रेडक्रॉस दिवस का थीम ''मानवता को जिंदा रखना'' रखा गया है।

उन्होंने हरियाणा रेडक्रॉस द्वारा न केवल हरियाणा अपितु अन्य राज्यों में भी कल्याणकारी गतिविधियां चलाने के लिए उसकी प्रशंसा की।

..........................................................................................

हरियाणा के स्वास्थ्य विभाग ने जींद के नागरिक अस्पताल को तपेदिक की जांच के लिए कृत्रिम मेधा यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित पोर्टेबल एक्स रे मशीन उपलब्ध कराई है। यह मशीन सामान्य मशीन से कम रेडिएशन पर काम करती है।

डॉ. गोयल ने यह भी बताया की इस मशीन से बिजली न होने पर भी काम लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस मशीन की मदद से स्वास्थ्य कर्मी दूर दराज़ के क्षेत्रों में जाकर तपेदिक की जांच कर पायेंगे और गरीब व्यक्ति को अपना दैनिक कार्य छोड़कर जांच के लिए आने की जरूरत नहीं होगी और उन्हें जांच और रिपोर्ट के लिए घंटों इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

..........................................................................................

हरियाणा में आज विश्व रेडक्रॉस दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गए।

कैथल जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा एक रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें 326 लोगों ने रक्तदान किया।

जिला उपायुक्त प्रशांत पंवार ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर व प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साह वर्धन किया।

कैथल में दीवाल स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा गांव में एक जागरूकता रैली निकाली गई।

पलवल में जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय द्वारा साइकिल रैली निकाली गई और रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव वाजिद अली और जिला प्रशिक्षण अधिकारी नीतू सिंह द्वारा प्रतिभागियों को रेडक्रॉस के इतिहास से परिचित करवाया गया।

उधर पलवल के पुराने कचहरी परिसर में संचालित पुस्तकालय में लायंस क्लब के लोगों के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें 25 लोगों ने रक्त दान किया।

अंबाला के गुरूद्वारा इच्छापूर्वक धाम में श्री गुरू हरगोबिंद साहिब सेवा समिति के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें जिला रेडक्रॉस समिति की सचिव विजय लक्ष्मी, हरियाणा सिक्ख गुरूद्वारा प्रबंधक समिति के सदस्य टी.वी. सिंह सहित करीब 47 लोगों ने रक्तदान किया।

इस अवसर पर कुरूक्षेत्र में जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ब्रह्म सरोवर के नजदीक भी एक जागरूकता कार्यक्रम करवाया गया।

..............................................................................................

रोहतक के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में भी विश्व रेड क्रॉस दिवस पर विश्वविद्यालय की यूथ रेड क्रॉस समिति द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ।

कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया और युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

इस रक्तदान शिविर में 47 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। उन्होंने रक्तदाताओं का बैज लगाकर उनका हौसला बढ़ाया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में इस अवसर पर कुलपति प्रो सोमनाथ सचदेवा ने यूथ रेडक्रास के स्वयंसेवकों सहित सभी को मानवता एवं समाज कल्याण और राष्ट्रीय एकता की भावना से कार्य करने की शपथ दिलाई और रेडक्रॉस के सात सिद्धांतों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।

..............................................................................................